Government Degree College Banjar

Date: 25-06-2021

कार्यक्रम – स्वास्थ्य विभाग हिमाचल सरकार द्वारा covid -19 जागरूकता अभियान

स्वास्थ्य विभाग ने पांच जिलों के प्रतिभागियों से साझा किए विचार

संवाद न्यूज एजेंसी

कुल्लू। परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग वेबिनार के माध्यम से विद्यार्थियों और अध्यापकों से कोरोना की रोकथाम पर सुझाव ले रहा है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी भी दी जा रही है।

वीरवार को विभाग ने प्रदेश के पांच जिलों के विभिन्न महाविद्यालयों में वेबिनार का आयोजन किया। जिसमें कुल्लू, चंबा, किन्नौर, लाहौल-स्पीति और बिलासपुर के प्राध्यापकों और अधिकारियों ने कोरोना महामारी पर अपने विचार साझा किए। नोडल अधिकारी डॉ. आशीष मिश्र ने कहा कि वर्तमान में कोरोना महामारी की इस विकट परिस्थिति से निपटने के लिए हम सभी को तैयार रहने की आवश्यकता है। नियमों का सख्ती से पालन होने से ही महामारी को मात दी जा सकती है।

राजकीय महाविद्यालय बंजार के प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर ने सभी को परेशानी में डाल दिया है। कोरोना महामारी से निजात पाने के लिए आम जनता को साथ मिलकर एहतियाती कदम उठाने होंगे। इस दौरान वेबिनार समन्वयक प्रो. नीरज कपूर, शिक्षा निदेशालय से डॉ. अंजू शर्मा, महाविद्यालय बिलासपुर प्राचार्य डॉ. वसुंधरा, डॉ. राखी शर्मा, डॉ. संजय और डॉ. ओमेश भारती आदि उपस्थित रहे।